जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : *भोगल* क्रमांक 133
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी दिनांक 10.11.2021

दो दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि विवि में रामतिल फसलों की दी जानकारी

जबलपुर 10 नवम्बर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित अखिल भारतीय तिलहन अनुसंधान समन्वित परियोजना

(तिल एवं रामतिल) द्वारा रामतिल की अधिकतम उपज हेतु उत्पादन एवं संरक्षण तकनीक विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाटन, कुण्डम, पनागर एवं जबलपुर विकास खण्ड के कृषि विस्तार अधिकारी एवं खाद बीज विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एल. केवट (सस्य विज्ञान) के मुख्यातिथ्य एवं परियोजना की प्रभारी डॉ. रजनी बिसेन की अध्यक्षता में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को रामतिल उत्पादन की उत्तम तकनीक, इसकी प्रमुख किस्में एवं बीज उत्पादन तकनीक, रामतिल के विभिन्न कीट, रोग एवं उनका प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षाणार्थियों को तिल एवं रामतिल परियोजना के प्रक्षेत्र, जैव उर्वरक इकाई एवं किसान के प्रक्षेत्र पर भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. के.एन. गुप्ता, डॉ. सुरभी जैन एवं श्रीमति रोशनी साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशा सप्रे ने किया एवं अभार प्रदर्शन डॉ. के.एन. गुप्ता ने किया।

–000–